प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए सरकार तेजी से ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है और इसके लिए अभी तक प्रदेश में 6 ग्रीन कोरिडोर विकसित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 4 सौ 2 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने को भी मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी विभागों को इलैक्ट्रिक वाहन खरीदने के निर्देश दिए हैं। इस बीच मुख्यंमत्री का आज अहमदाबाद से दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। इस दौरान वह प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर सकते हैं।

राजीव बिंदल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केंद्र सरकार ने हमेशा हिमाचल का उचित ख्याल रखा है, लेकिन वर्तमान सरकार केंद्र का धन्यवाद तक नहीं करती है। ऊना जिला के गगरेट और चिंतपूर्णी में सक्रियता सदस्यता अभियान सम्मेलनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र से हर साल प्रदेश को विभिन्न परियोजनाओं के तहत 12 हजार करोड़ रूपये मिल रहे हैं। बिंदल ने ये भी कहा कि कहा कि केंद्र ने प्रदेश में पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदा से हुए नुक्सान की भरपाई के लिए 136 करोड़ 22 लाख रूपये मंजूर किए हैं। इसके अलावा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 50 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं।

उद्यान उत्सव

राष्ट्रपति निवास मशोबरा 15 से 20 अप्रैल तक आम जनता के लिए राष्ट्रपति निवास में उद्यान उत्सव का आयोजन करेगा। राष्ट्रपति निवास के मैनेजर संजू डोगरा ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि उद्यान उत्सव में प्रवेश निशुल्क होगा और इस उत्सव के लिए राष्ट्रपति निवास सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति निवास में 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। संजू डोगरा ने आम जनता से अपील की है कि वे इस उद्यान उत्सव में शिरकत करें और फूलों का आनंद लें।

महावीर जयंती

आज महावीर जयंती है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों विशेष रूप से जैन समुदाय को शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान महावीर अहिंसा व करूणा की मूर्ति थे, जिन्होंने अहिंसा परमो धर्म के संदेश से मानवता को नई राह दी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षा हमें करूणामयी और सदभावपूर्ण विश्व की ओर ले जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को महावीर जयंती पर शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कल नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में कहा कि भारत की बौद्धिक व अध्यात्मिक विरासत को आकार देने में जैन साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

सिल्क रूट

प्रदेश की वादियों में एक बार फिर रोमांच और साहस का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। हिमालयन एक्सपेडिशन द्वारा कल शुक्रवार को शिमला के नारकंडा से सराहन तक सिल्क रूट अल्ट्रा ट्रेल रन का आयोजन किया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल नारकंडा से इस दौड़ का शुभारंभ करेंगे। द हिमालयन एक्सपीडिशन के सदस्य लक्ष्य व्रत ने बताया कि चार श्रेणियों में आयोजित इस दौड़ में कई राज्यों के 250 से ज्यादा धावक हिस्सा लेंगे। इसके अलावा तीन अंतरराष्ट्रीय धावक भी इस ट्रेल रन में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

विश्व होम्योपैथी दिवस

आज दुनिया भर में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। होम्योपैथी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा प्रणाली है। यह स्वास्थ्य सेवा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को अपनी प्राकृतिक पद्धतियों के लिए आकर्षित करती है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज मौसम साफ बना हुआ है, हालांकि बीते कल जनजातीय क्षेत्रों की उंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है। चंबा जिला में वर्षा व ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट आई है। वहीं राज्य के मैदानी इलाकों में गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान उंचाई वाले कुछ इलाकों में बर्फबारी व अन्य हिस्सों में कहीं–कहीं वर्षा की संभावना जताई है। साथ ही कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने व बिजली चमकने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।